पत्रांकः- मेमो / कोविड-19 / रा0आ0दि0ज0 / 19-20 / लखनऊ　　　　　　　　　　दिनांक 08-04-2020

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
गृह विभाग,
उ0प्र0 शासन,
लखनऊ, उ0प्र0।

विषयः- कोविड-19 (कोरोना महामारी) की आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत दिव्यांगजन तथा दिव्यांगजन के केयरगिवर को ई0-पास जारी करने में शिथिलता प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया कोरोना से उत्पन्न महामारी की अवधि में लाकडाउन की स्थिति में मेरे संज्ञान में यह आया है कि प्रदेश के कतिपय दिव्यांगजन मूलभूत सेवाओ एवं आवश्यकताओं से वंचित हो रहे हैं। यह भी संज्ञान में आया है कि दिव्यांगजन को एवं उनके सहायकों (केयरगिवर) को ई0पास बनाए जाने में कठिनाई हो रही है। केयरगिवर के ई0पास बनने में आ रही कठिनाई के कारण जो विशेष सहायता प्राप्त दिव्यांग व्यक्ति हैं एवं जिनका जीवन केयरगिवर की सहायता से ही संचालित है, वे बहुत पीड़ित हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा यू0पी0 ई0पास2 के पोर्टल में ई0पास बनाए जाने के जो कारण / विकल्प दिए गए हैं, उनमें दिव्यांगजन तथा उनके केयरगिवर अथवा तद्सम्बन्धी स्वैच्छिक संस्थानों एवं संस्थाओं / कार्यालयों का उल्लेख नहीं है जिसके कारण उनके पास नहीं बन पा रहे हैं। यह एक अत्यन्त गंभीर समस्या है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया सर्वोच्च प्राथमिकता पर यू0पी0 ई0पास2 के पोर्टल में एक अतिरिक्त विकल्प दिव्यांगजन या उनके सहायकों (केयरगिवर) / सम्बन्धित स्वैच्छिक संस्थानों एवं संस्थाओं / कार्यालयों से सम्बन्धित विकल्प को भी जुड़वाने की कृपा करें तथा यह भी निर्देश दिए जाने आवश्यक हैं कि दिव्यांगजन एवं उनके केयरगिवर के जो ई0पास बनाए जाएं, वे लाकडाउन की सम्पूर्ण अवधि के लिए हों न कि दैनिक आधार पर क्योंकि इन लोगों द्वारा नित्य प्रतिदिन ई0पास2 के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन करना एवं ओ0टी0पी0 प्राप्त कर ई0पास जारी कर उनकी मंजूरी लेना एक गंभीर समस्या है।

मैं आभारी होऊँगा कि आप अपने व्यस्ततम दिनचर्या में से इस अत्यन्त ज्वलनशील समस्या पर भी ध्यानाकर्षण करेंगे एवं मेरे उक्त अनुरोध के अनुसार अविलम्ब कार्यवाही कराए जाने के निर्देश देने की कृपा करेंगें।

ह/-
(डा0 एस0के0 श्रीवास्तव)
राज्य आयुक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित//

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, लखनऊ, उ0प्र0 को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, लखनऊ, उ0प्र0 को सूचनार्थ प्रेषित।
4. डा0 ए0के0 वर्मा, उपायुक्त, दिव्यांगजन, उ0प्र0, लखनऊ को अनुपालनार्थ।
5. श्री शैलेन्द्र कुमार सोनकर, उपायुक्त, दिव्यांगजन, उ0प्र0, लखनऊ को अनुपालनार्थ।
6. श्री वीरेश कुमार सिंह, विधि अधिकारी, दिव्यांगजन, उ0प्र0, लखनऊ को अनुपालनार्थ।

ह/-
(डा0 एस0के0 श्रीवास्तव)
राज्य आयुक्त